प्रादेशिक समाचार
19.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में कल दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस चरण में 12 जिलों की कुल 38 सीटों पर मतदान होगा। सुरक्षा कारणों से झारखंड में 31 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम 4 बजे तक होगा क्योंकि ये मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित हैं। सुचारू मतदान के लिए राज्य भर में कुल 14 हजार 218 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और इनमें से सात हजार बूथों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील बूथों की श्रेणी में रखा गया है। परेशानी मुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की छह सौ कंपनियों को तैनात किया गया है।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

******************

इधर द्वितीय चरण के मतदान के लिए रांची स्थित मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। द्वितीय चरण में रांची के सिल्ली एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र में कल मतदान होना है। मतदान वाले अन्य जिलों में भी पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला जारी है।

******************

जामताड़ा के एक कुष्ठ आश्रम के संतावन मतदाताओं को सुगम मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सहायक मतदान केंद्र का निर्माण किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग की ओर से कई पहल की गई है।

******************

झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के ठीक पहले जमुआ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे बलदेव हाजरा की पुत्रवधु गीता हाजरा ने आज अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। धनवार में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी।

******************

सीबीआई ने साहिबगंज खनन घोटाले के अभियुक्त भगवान भगत के बैंक लॉकर से मिले 42 लाख के जेवरात और नकद साढ़े तीन लाख रुपये को जब्त कर लिया है। इससे पहले सीबीआई ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में सील लॉकर को खोला, जिसमें जेवरात और नकदी रुपये बरामद किये गये। बता दें कि सीबीआई ने भगवान भगत के घर से छापेमारी के दौरान एक किलो सोना और प्रतिबंधित पिस्तौल की 61 गोलियां जब्त की थी।

******************

प्रवर्तन निदेशालय की टीम बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पूछताछ के लिए दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सभी आरोपियों से अगले पांच दिनों तक पूछताछ की जायेगी।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 13 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

********समाप्त********